सितंबर 2020 में सैकेंडरी स्कूलों के दुबारा खुलने पर क्या उम्मीद करनी चाहिए

ग्रेड 9 से 12

कोविड-19 महामारी द्वारा पेश की गई चुनौतियों के बावजूद, एक साथ सीखने के एक और स्कूल वर्ष के लिए हम आपके किशोर का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं स्कूल में एक सुरक्षित वापसी के लिए तैयारी करने में आपकी मदद करने के लिए, यहां 2020-21 स्कूल वर्ष के लिए हमारे रीओपनिंग प्लानों का अवलोकन किया गया है।

अधिक जानकारी www.peelschools.org/reopening पर उपलब्ध है

अडैपटिव मॉडल: इन-परसन और ऑनलाइन लर्निंग का मिश्रण

सैकेंडरी छात्र प्रत्येक क्लास में लगभग 15 छात्रों के गुट (समूह) में क्लास में सीखने और घर पर डिस्टैंस लर्निंग के संयोजन के साथ एक अडैपटिव मॉडल में स्कूल लौटेंगे।

एक अन्य विकल्प: पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल के माध्यम से घर *पर* पढ़ें

2020-21 स्कूल वर्ष के लिए इन-परसन रूप से स्कूल में उपस्थित होना स्वैच्छिक है। यदि परिवार इन-परसन लर्निंग के लिए अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने का विकल्प चुनते हैं, तो वे घर से केवल डिस्टैंस लर्निंग के माध्यम से पढ़ सकते हैं। इन छात्रों को हमारे नए *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल* में नामांकित किया जाएगा।

पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल पूरे ओंटैरियो पाठ्यक्रम को लाइव, ऑनलाइन अनुभवों और फलो-अप गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत करेगा जिन पर छात्र घर से काम करते हैं। यह निर्देश पील बोर्ड के शिक्षकों द्वारा दिया जाएगा, लेकिन जरूरी नहीं कि आपके किशोर के स्कूल के एक शिक्षक द्वारा।

सैकेंडरी स्कूल में, ऑनलाइन उपलब्ध विषय क्षेत्रों की एक सीमित पेशकश होगी। *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल* ग्रैजुएशन और पोस्ट-सैकेंडरी शिक्षा के लिए पहले से आवश्यक विषयों पर मुख्य विषय क्षेत्र प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

लर्निंग के मॉडलों (अद्यतन) के बीच स्विच करना

सैकेंडरी छात्र स्कूल के पहले सप्ताह के अंत तक **डिस्टैंस लर्निंग से अडैपटिव लर्निंग मॉडल** पर स्विच कर सकते हैं। उसके बाद, यदि छात्रों ने पूर्ण डिस्टैंस लर्निंग का चयन किया है, तो वे क्वाडमैस्टर की अवधि के लिए *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल* में बने रहेंगे (हमारे क्वाडमैस्टर मॉडल के बारे में अधिक जानने के लिए अगला पृष्ठ देखें)।

यदि छात्र **स्कूल में उपस्थित होना चुनते हैं और *पीडीएसबी ऑनलाइन स्कूल*** में जाना चाहते हैं, तो वे ऐसा करने में सक्षम हो सकते हैं, यदि वह कोर्स ऑनलाइन पेश किया जाता है। स्कूल इस अवस्थांतर के साथ परिवारों की मदद करने के लिए छात्रों के साथ काम करेंगे।

नए अडैपटिव मॉडल को समझना:
इन-परसन और डिस्टैंस लर्निंग का मिश्रण

स्कूल शेड्यूल और कोहोर्ट्स

स्कूल वर्ष को चार क्वाडमैस्टरों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक क्वाडमैस्टर में, छात्र लगभग 10 सप्ताह में दो कोर्सों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

छात्रों के बीच बातचीत को सीमित करने में मदद करने के लिए, सैकेंडरी छात्रों को **कोहोर्ट ए या बी** (Cohort A or B) में नियुक्त किया जाएगा, प्रत्येक कोहार्ट रोटेट होने वाले शिड्यूल पर क्लास में इन-परसन उपस्थित होने के साथ। कोहोर्ट ए में छात्र एक सप्ताह सोमवार, मंगलवार, बुधवार को, और अगले सप्ताह सोमवार और मंगलवार को स्कूल में इन-परसन उपस्थित रहेंगे (चार्ट देखें)।

सैकेंडरी छात्रों का इन-परसन अटैंडेंस शिड्यूल

यह चार्ट दिखाता है कि कौन से दिनों को कोहोर्ट ए और बी इन-परसन रूप से स्कूल में उपस्थित होंगे, साथ ही उस दिन कौन सा कोर्स पढ़ाया जाएगा।

	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरूवार	शुक्रवार
सप्ताह 1	कोहोर्ट ए पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट ए पीरियड 2 क्लास	कोहोर्ट ए पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 2 क्लास
सप्ताह 2	कोहोर्ट ए पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट ए पीरियड 2 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 2 क्लास
सप्ताह 3	कोहोर्ट ए पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट ए पीरियड 2 क्लास	कोहोर्ट ए पीरियड 2 क्लास	कोहोर्ट पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 2 क्लास
सप्ताह 4	कोहोर्ट ए पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट ए पीरियड 2 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 2 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 1 क्लास	कोहोर्ट बी पीरियड 2 क्लास

नोट: जो छात्र 5-पीरियड के दिन के साथ एक स्कूल में जाएँगे (पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड में कुछ ही हैं), वह ऊपर दिखाए गए की तुलना में थोड़ा अलग शेड्यूल होगा। ये स्कूल अपने शेड्यूल को सीधा परिवारों के साथ साझा करेंगे।

स्कूल शुरू होने का समय वही रहेगा (ज्यादातर मामलों में)

उस दिन स्कूल में जाने वाले छात्र 150 मिनट के इन-पर्सन लर्निंग के लिए पहुंचेंगे, और फिर ऑनलाइन लर्निंग के लिए घर लौटेंगे। यदि छात्र स्कूल में होने के लिए शिड्यूल नहीं है, तो उन्हें स्कूल के दिन पर घर में डिस्टैंस लर्निंग में भाग लेने की आवश्यकता होगी।

*यह **कोहोर्ट ए** में एक छात्र के लिए दैनिक टाईमटेबल का नमूना है, जो स्कूल में इन-परसन रूप से सीखने के लिए निर्धारित है। स्कूल शुरु होने के समय अलग-अलग होंगे।*

नमूना टाईम		
सुबह 8:30 से 11 बजे तक (150 मिनट)	**कोहोर्ट ए** स्कूल में	**कोहोर्ट बी** डिस्टैंस लर्निंग (घर पर)
11 बजे तक	छात्र डिस्मिस्सल - डिस्टैंस लर्निंग के साथ जारी रखने के लिए **कोहोर्ट ए** घर लौटता है	
सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक	टीचर लंच	
दोपहर 12 से 1:15 बजे (75 मिनट)	**कोहोर्ट ए और बी** डिस्टैंस लर्निंग (घर पर) समर्थन और स्वतंत्र अध्ययन	
दोपहर 1:15 से 2:30 बजे (75 मिनट)	**कोहोर्ट ए और बी** क्लासरूम टीचर के साथ रियल-टाइम डिस्टैंस लर्निंग (घर पर)	

बढ़े हुए स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय

स्क्रीनिंग और घर पर कब रहना है

एक सुरक्षित स्कूल सही अटैंडेंस रिकॉर्ड की तुलना में हमेशा अधिक महत्वपूर्ण होता है।

बस स्टॉप और स्कूल पहुंचने से पहले परिवारों को अपने किशोर की दैनिक स्क्रीनिंग करने के लिए इस चेकलिस्ट का उपयोग करना चाहिए। यदि आपका किशोर कोई भी लक्षण महसूस कर रहा है, तो कृपया उन्हें घर पर रखें□ और आवश्यकतानुसार चिकित्सीय तवज्जो प्राप्त करें। यदि छात्र स्कूल में होते हुए कोविड-19 लक्षण दर्शाते हैं, तो वे घर लौटेंगे या घर जाने के लिए पिक किए जाने के लिए प्रतीक्षा करने के लिए एक विशिष्ट अलगाव कक्ष में जाएंगे। चेकलिस्ट देखें: https://covid-19.ontario.ca/self-assessment/

मास्क और/या फेस कवरिंग ज़रूरी हैं

जैसा कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनिवार्य किया गया है, बोर्ड द्वारा प्रदान किए गए परिवहन (जैसे, बसें) और स्कूल के अंदर (जैसे, कक्षा के दौरान और हॉलवेज़ में), ग्रेड 1 से 12 के छात्रों को मास्क और/या फेस कवरिंग का उपयोग

करना आवश्यक है। उचित अपवाद लागू होंगे। ओंटैरियो सरकार के इन दिशा-निर्देशों की एक साथ समीक्षा करके अपने किशोर को मास्क पहनने की आदत डालने में मदद करें।

यदि आपको चिंताएं हैं, तो कृपया अपने स्कूल के प्रिंसीपल से बात करें।

हाथ की स्वच्छता का अभ्यास करें

हैंड सैनिटाइज़र स्कूल के प्रवेश और हर कक्षा में उपलब्ध होगा। छात्रों और कर्मचारियों को इमारत और कक्षा में प्रवेश करते समय, खाने से पहले और बाद में, वॉशरूम का उपयोग करने के बाद, और दिन भर में अन्य समय पर हाथ सैनीटाईज़ करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। सभी क्लासों की नियत वॉशरूम और हाथ धोने के ब्रेकें होंगी।

दूसरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें

छात्रों और अन्य कोहोर्टस/क्लासों के बीच अधिक से अधिक दूरी को प्रोत्साहित करने के लिए नई स्कूल दिनचर्या लागू होगी।

इसमें एक दिशा वाले हॉलवे, गुटबंदी, संशोधित ड्रॉप-ऑफ/पिक-अप रूटीन, बंद साझा स्थान (जैसे लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, कैफेटेरिया, वेट रूम और चेंजरूम), बैठने के असाइनमेंट, पूरे स्कूल में क्लास की गतिविधि का समन्वय और अधिक शामिल हैं। दूसरों के साथ संपर्क सीमित करने के लिए, छात्र स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा के अपवाद के साथ, सभी विषयों के लिए अपनी क्लास में रहेंगे।

उन्नत सफाई और कीटाणुशोधन दिनचर्या

सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों और शिक्षा मंत्रालय के मार्गदर्शन के आधार पर, स्कूल दिनचर्या के सभी पहलुओं में नए संवर्धित स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय जोड़े गए हैं। सफाई कर्मचारी पूरे स्कूल में दैनिक सफाई और कीटाणुरहित करने के लिए अस्पताल-ग्रेड कीटाणुनाशकों का उपयोग करेंगे, जिसमें अकसर छूई जाने वाली सतहें शामिल हैं। उपयोग से पहले और बाद में अलग-अलग गुटों द्वारा साझा किए गए रिक्त स्थान को साफ और कीटाणुरहित किया जाएगा।

नए बस रूटीन

स्कूल बस में, छात्रों को एक ही क्लास के गुटों और एक घर से भाई-बहनों के आधार पर सीटें सौंपी जाएंगी। यात्राओं के बीच अकसर छूई जाने वाली सतहों को चालक द्वारा साफ किया जाएगा। ग्रेड 1 से 12 के छात्रों के लिए मास्क और/या फेस कवरिंग ज़रूरी हैं। उचित अपवाद लागू होंगे।

यदि आपका बच्चा बोर्ड-प्रदत्त ट्रांसपोरटेशन का उपयोग नहीं कर रहा है, तो कृपया इस स्टूडेंट ट्रांसपोरटेशन ऑफ पील रीजन ऑप्ट-आउट फॉर्म को पूरा करें।

विशेष शिक्षा

उच्च स्तर की विशेष शिक्षा आवश्यकताओं वाले सैकेंडरी छात्र, जो घर से पढ़ाई करने में असमर्थ हैं, उन्हें दैनिक उपस्थिति और निर्देश की अनुमति होगी। व्यक्तिगत शिक्षा योजनाएं उन छात्रों के लिए समर्थित रहना जारी रहेंगी, जो इन-परसन और घर पर पढ़ रहे हैं। विशेष शिक्षा क्लासों में छात्रों से संबंधित हमारी योजनाएँ देखें।

मानसिक स्वास्थ्य और समुदाय के समर्थन

इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, पील बोर्ड के पास छात्रों और परिवारों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याणकारी समर्थन और संसाधन उपलब्ध हैं, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, भोजन, वित्तीय और आश्रय की जरूरतों के लिए समुदाय की एक व्यापक सूची उपलब्ध है।

अप-टू-डेट रहें

2020-21 के लिए बोर्ड की रीओपनिंग योजनाओं के बारे में अधिक जानने के लिए, www.peelschools.org/reopening पर जाएँ। नई जानकारी उपलब्ध होते ही इस वेबपेज को अपडेट कर दिया जाएगा।

परिभाषाएं:

गुट: गुटबंदी (cohorting) कई शिक्षकों या कई तरह के सहपाठियों से सिमित एक्सपोज़र के साथ, स्कूल के पूरे दिन छात्रों को एक छोटे समूह में एक साथ रखने का अभ्यास है। यह अभ्यास अन्य छात्रों की संख्या को सीमित करता है जो एक एकल छात्र के संपर्क में हैं।

डिस्टैंस लर्निंग: डिस्टैंस लर्निंग में नामांकित छात्र पील बोर्ड के शिक्षक द्वारा दिए गए ऑनलाइन निर्देश के माध्यम से घर पर पढ़ेंगे। इसमें लाइव, रीयल-टाइम लर्निंग के साथ-साथ फलो-अप गतिविधियों का मिश्रण शामिल होगा जो वे घर पर काम करेंगे।

क्वाडमैस्टर: सैकंडरी स्कूल वर्ष को चार समय अवधियों में विभाजित किया जाएगा जिसे क्वाडमैस्टर कहा जाता है। प्रत्येक क्वाडमैस्टर लगभग 10 सप्ताह लंबा होता है। प्रत्येक छात्र क्वाडमैस्टर में दो पाठ्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करेगा।